ये कूर्मांचली ब्राह्मण है.
आज पं. जीवानन्द जोशी के यहां गया था.
वहां दूध पीना.
पं. प्रेमवल्लभ तिवारी के डेरे तक गया था
१॥ लड्डू इन्हीं का खाया था.
ये दोनों कूर्मांचली ब्राह्मण हैं.
सुबेरे मुन्शी रामदास का लड़का रामनाथ ने
दूध पिला दिया.

तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् ।२१।
स तया श्रद्धया युक्तस्तस्याराधनमीहते ।
लभते च ततः कामान्मयैव विहितान्हि तान् ।२२।
अन्तवत्तु फलं तेषां तद्भवत्यल्पमेधसाम् ।

---

आषाढ़ कृष्ण १२ शनि ] १३ जून [ ज्येष्ठ २९

आज प्रदोष मौन रात को नियमानुसार
[illegible] पारण.
निवास पर तथा रात को भो. पं. [illegible]मादत्त
जोशी के यहां

देवान्देवयजो यान्ति मद्भक्ता यान्ति मामपि २३
अव्यक्तं व्यक्तिमापन्नं मन्यन्ते मामबुद्धयः।
परं भावमजानन्तो ममाव्ययमनुत्तमम् २४
नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः।

---

आषाढ़ कृष्ण १२ रवि ] १४ जून [ ज्येष्ठ ३०

आज दोनो समय भोजन तथा निवास
पं. भीमादत्त के यहां
आज पं. सदानन्द तिवारी की चिट्ठी
मिली.

मूढोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम् २५
वेदाहं समतीतानि वर्तमानानि चार्जुन।
भविष्याणि च भूतानि मां तु वेद न कश्चन।२६।
इच्छाद्वेषसमुत्थेन द्वन्द्वमोहेन भारत।



दोनों समय घूमो. तथा निवास पं. श्रीमाधव जी के घर.
आज श्री कासाडवसे मिला. आज इनके साथ ह
की बातचीत देखने में पाया.
आज एक श्री कानेटकर ब्राह्मण (सारस्वत) कार्न
ज से आते पहचान हुई. हिन्दी की मारवाड़ी
कुछ कविता करता है.

सर्वभूतानि संमोहं सर्गे यान्ति परंतप ॥२७॥
येषां त्वन्तगतं पापं जनानां पुण्यकर्मणाम् ।
ते द्वन्द्वमोहनिर्मुक्ता भजन्ते मां दृढव्रताः ॥२८॥
जरामरणमोक्षाय मामाश्रित्य यतन्ति ये ।

---



आज दो नो समय भो. तथा निवास प. भीमाद-त्त के घर. आज भी टीकासाहब से मुलाकात.

ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्मं कर्म चाखिलम् ।२९
साधिभूताधिदैवं मां साधियज्ञं च ये विदुः ।
प्रयाणकालेऽपि च मां ते विदुर्युक्तचेतसः ।३०

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां
योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे ज्ञानविज्ञान-
योगो नाम सप्तमोऽध्यायः ॥७॥

---

प्र० आषाढ़ शुक्ल १ बुध ] १७ जून [ आषाढ़ २

( पुरुषोत्तम मासः )

आज दोनों समय पं. भीमादत्त जोशी के घर भो. व
निवास. दिकासा छोक के साथ भजन भी सुना का न हुई

ॐ

## अष्टमोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

किं तद्ब्रह्म किमध्यात्मं किं कर्म पुरुषोत्तम।
अधिभूतं च किं प्रोक्तमधिदैवं किमुच्यते ॥१॥

---

आषाढ़ शुक्ल २ गुरु ] १८ जून [ आषाढ़ ३

आज दोपहर भो. पं. भीमाद जी के घर
शाम को शिमला आया साथ टीकासाहब फ़ौटी थे.
शिमले में शाम जी से टीकासाहब के को नीमें ही
ठहरे. रात को भो. प्रघा.

अधियज्ञः कथं कोऽत्र देहेऽस्मिन्मधुसूदन ।
प्रयाणकाले च कथं ज्ञेयोऽसि नियतात्मभिः ॥२॥

श्रीभगवानुवाच

अक्षरं ब्रह्म परमं स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते ।

---



आजदो तो समय पद्मासना हवके पासगो.
मगवाननिवास पड़ी शाकुजीमें कोपी घडसकते
आज एक धी जोती बोड सोनार इलाज पण
परिचय हुआ.
आज राकिरण को चिठ्ठी लिखी.

भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्मसंज्ञितः ॥३॥
अधिभूतं क्षरो भावः पुरुषश्चाधिदैवतम् ।
अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृतां वर ॥४॥
अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम् ।

---



आज दो नो समय भो. यहां टीकासाहब के पास.
आज को डॉ. भी टेल देखने गया था. ~~[illegible]~~
~~[illegible]~~ था. 1) रामनाथ ने
2 गाड़ी में मेरा टिफिन दे पेथी. आया कृपनहीं.
रेसमें टीकासाहब को टीका घोडा 'गोल्डन' कहिला
आया था. आज स्त्री लोती सोतार [illegible] नारायण के
दूकान में १ घंटा भया था. तिनाल पड़ी शाक जीते.
रेसमें टिकट 1) का मं. भीभाइ जाने मेरा दिया

यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः॥५॥
यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् ।
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ॥६॥
तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च ।



आज दोनों समय भो. टीकासाहब के पास
आज शाम को 'आखो' 'कालिका' देखने गये
थे. यह पर्वत शिखर शिमले से २ मील है.
यहाँ कालीका, हनुमान के मन्दिर हैं. टीकासा
ब. वे. भीमादत्त और [illegible] और भाई [illegible] साथ थे
रात को निवास आकर [illegible] को लिखा

मय्यर्पितमनोबुद्धिर्मामेवैष्यस्यसंशयम् ॥७॥
अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना ।
परमं पुरुषं दिव्यं याति पार्थानुचिन्तयन् ॥८॥
कविं पुराणमनुशासितारमणोरणीयांसमनुस्मरेद्यः



आज दो [illegible]
में [illegible]

सर्वस्य धातारमचिन्त्यरूपमादित्यवर्णं तमसः परस्तात् ॥९॥ प्रयाणकाले मनसाचलेन भक्त्या युक्तो योगबलेन चैव । भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक् स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम् ॥१०॥



आज श्री० दोपहर भो० शिकासाहब के पास
रात को पं० भीमादत्त के पास कुंवर भवानीसिंग
के घर. निवास कोठी हाउस में २ ता. [illegible]
पं० भीमादत्त के पास. आज शिकासाहब
कपार - नेगपे.
निवास कोठी हाउस में.

यदक्षरं वेदविदो वदन्ति विशन्ति यद्यतयो वीतरागाः। यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण प्रवक्ष्ये ॥ ११ ॥

सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।

---



आज दोपहर भो० पं० भीमादत्त जोशी के पास
कुँवर भरतसिंग के घर.
शाम को पं० जोगेश्वरदत्त जोशी आया था.
इसके बाद दसे आज रात्री में भो० नथानि वाल
दत्त के घर 'भराडी' में किया. यह पं० भीमा-
दत्त जोशी का बहनोई है.

मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम्
ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन् ।
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम् ॥१३॥
अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः ।



आज दोपहर भो. पं. जोगेश्वरदयाल के घर
रात को पं. भीमादत्त जोशी के पास
शाम को धोबीघाट तक घूमने गया था.
तिवारी जी को दी हजार ने.

तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः ।१४।
मामुपेत्य पुनर्जन्म दुःखालयमशाश्वतम् ।
नाप्नुवन्ति महात्मानः संसिद्धिं परमां गताः ।१५।
आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनोऽर्जुन ।

---

आषाढ़ शुक्ल ११ शुक्र ] २६ जून [ आषाढ़ ११

आज दोपहर भो. पं. भीमादत्त के पास
कुंवर भरतसिंग के घर रात को भो. नही

मामुपेत्य तु कौन्तेय पुनर्जन्म न विद्यते ॥१६॥
सहस्रयुगपर्यन्तमहर्यद्ब्रह्मणो विदुः ।
रात्रिं युगसहस्रान्तां तेऽहोरात्रविदो जनाः॥१७॥
अव्यक्ताद्व्यक्तयः सर्वाः प्रभवन्त्यहरागमे ।



आज प्रदोष मौन रात्रौ नियमाऽनुसार पारण पं. भीमादत्त के घर. आज सुबः उठकर क्यार पैदल पहुंचा टीकासाहब से मुलाकात की. अब तो टीकासाहब ज्यादः ही स्रोहकर ने लगे हैं. शाकलीसे क्यार प्यारी प्रीत है. साथ पं. भीमादत्त भी था मुन्शी पं. शरणदास के घर गया था पं. बद्रीदत्त शर्मा अवस्थी कांगड़ा रामायण की चिट्ठी मिली.

रात को एक मरासी का गाना टीकासाहब के यहां सुना.

रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके ॥१८॥
भूतग्रामः स एवायं भूत्वा भूत्वा प्रलीयते ।
रात्र्यागमेऽवशः पार्थ प्रभवत्यहरागमे ॥१९॥
परस्तस्मात्तु भावोऽन्योऽव्यक्तोऽव्यक्तात्सनातनः



आज सुबः उठकर सीधे शाकली पहुंचा
पैदल अकेला. शौचादि रास्ते मे निपटा.
फिर यहां से स्टेशन पर आकर १ रु ॥।=)
देकर सोलन का टिकट ले रेल गाडी से
सोलन पहुंचा. यहां पं. जन्मादत्त पाण्डेय जी के
यहां ठहरा. ये कूर्माचली ब्राह्मण हैं इनके नाम
पं. भीमादत्त जोशी ने चिट्ठी दी थी. यहां पं. भूपराम
वैद्य कुंवर दीवान सिंह तथा रामनाथ (मुन्शी
रत्नदास का लड़का) मिले. आज यहां देवी
का दरबार मे नाटक देखा. दंगल कुश्ती देखी
टिकट २१. दीवान सिंह ने खर्च किये रात को
ड्रामा देखा उस का टिकट ॥) दीवान सिंह ने दिये.
१ रु. फलों मे खर्च दीवान सिंह ने दिया.
रात को पं. जन्मादत्त पाण्डेय के यहां रोटी खाई.
सरकारी रसल आयी थी.

यः स सर्वेषु भूतेषु नश्यत्सु न विनश्यति ॥२०॥
अव्यक्तोऽक्षर इत्युक्तस्तमाहुः परमां गतिम् ।
यं प्राप्य न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम ॥२१॥
पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया ।



आज रामनाथ और दीवानासिंह शिमले चले गये
आज भी दोनों समय पं. जगन्नाथ जी पाण्डेय के
पास. राजासाहब ने तरफसे रसद आयी थी
आज राम आत्माराम से जान पहचान हुई
यहां के राजासाहब दुर्गासिंह के पास गया
था. पं. भूपरामजी के साथ. ४ आपों ऐ भी
इनको दीं राजासाहब से कोई बातचीत
नहीं। सिर्फ कहां रहते हैं और [redacted] पूछा था। इ-
स तरह करते हैं. संस्कृत पढ़े नहीं [redacted] हैं।
मेहता जगतराम के यहां पं. भूपरामजी के साथ
गया था. पं. पद्मनाभ राम राजासाहब के
मामा हुए भाई हैं।

यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्वमिदं ततम् ॥२२॥
यत्र काले त्वनावृत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः ।
प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ ॥२३॥
अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम् ।



आज भी दोनों समय भो. यहां पं. जमना
दास पाण्डेय के पास. रसद सरकारी (राजासाह-
ब के यहां से) आयी थी. ज्वालाराम के यहां
गयेथे पं. भूपरामजी के साथ. ज्वालाराम
रहने के लिये आग्रह कर रहा था. राजासाहब ने
इसे हमको रोकने के लिये कह रखा था. यहां के
पं. मथुरा प्रसाद दीक्षित यहां नहीं थे. उनके
आने तक हमें रहने के लिये आग्रह था. मतल-
ब यह कि उनसे हमें लड़ाना था और मेरी
परीक्षा देखनी थी. पर मुझे इन बातों से क्या
मतलब.

तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः ॥२४॥
धूमो रात्रिस्तथा कृष्णः षण्मासा दक्षिणायनम् ।
तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते ॥२५॥
शुक्लकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते ।



आज सुबः उठकर शौचादि निपटकर ६ बजे के रेलगाडी से १ रु. ।।।=। टिकट के कराशीमले आया यहां शाकजीमें को थीहाउस में ठहरा पं. भीमादेवके पास भो. दोनों समय. भरतागंगके पार.

एकया यात्यनावृत्तिमन्ययावर्तते पुनः ॥२६॥
नैते सृती पार्थ जानन्योगी मुह्यति कश्चन।
तस्मात्सर्वेषु कालेषु योगयुक्तो भवार्जुन ॥२७॥
वेदेषु यज्ञेषु तपःसु चैव दानेषु यत्पुण्यफलं

---



आज सुबः उठकर यहांसे पैदल पामील
च उकर कयार पहुंचा यहां पं॰ भीमादत्त
के घर डेरा. दो पहर भो. आज मुन्शी
शरणदासके यहां रातको पं॰ भीमादत्तके
यहां. टीकासाहबसे मिलाथा.

प्रदिष्टम् अत्येति तत्सर्वमिदं विदित्वा योगी
परं स्थानमुपैति चाद्यम् ॥२८॥

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे अक्षरब्रह्मयोगो नामाष्टमोऽध्यायः ॥८॥

---

द्वि० आषाढ़ कृष्ण २ शुक्र ] ३ जुलाई [ आषाढ़ १८

आज अंग्रेजी तारीख के अनुसार जन्मदिन.
आज दोनो समय भो. पं. भीमादत्त के घर
टीकासाहब से मिला था
आज २८ वर्ष पूर्ण हुए.

ॐ

नवमोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

इदं तु ते गुह्यतमं प्रवक्ष्याम्यनसूयवे ।



आज दोनो समय भो. पं. भीमाजनके घर..
आज पं. वासुदेवजी के व्यवहार से ऐसा
मालूम हुआ कि इनके हृदय में ईर्ष्या का
सञ्चार हो गया है. अस्तु।
टीकासाहबसे मिलाथा. आज यहां
टीकासाहब ब्योग आयेथे ये टीका
साहब को टीके लाजक हैं।

द्वि० आषाढ़ कृष्ण ९ रवि ] ९ जुलाई [ आषाढ़ २०

आज दोनो समय भो. पं. भीमादत्त के घर
तथा रात्रि निवास.
टीका साहब के पास गया था.
आज पं. जोगीश्वरदत्त जोशी पं. भीमा
दत्त के बहनोई यहां आये थे.

अप्राप्य मां निवर्तन्ते मृत्युसंसारवर्त्मनि ॥३॥
मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना ।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः ॥४॥
न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम् ।



आज दोनो समय भो. पं. भीमादत्त के घर
तथा रात्रि निवास.
आज पं. भीमादत्त तथा पं. जोभीश्वरदत्त
शिमला चले गये.
आज टीकासाहब के पास गया था
आज पं. मुकुन्दवल्लभ मिश्र. कुराली
का भेजा हुआ रु. १५ पन्द्रह मानी आर्डर
मिला.

भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः ॥५॥
यथाकाशस्थितो नित्यं वायुः सर्वत्रगो महान् ।
तथा सर्वाणि भूतानि मत्स्थानीत्युपधारय ॥६॥
सर्वभूतानि कौन्तेय प्रकृतिं यान्ति मामिकाम् ।



आज दोनो समय भो. पं. भीमाशंकर के घर तथा निवास
आज टीकासाहब के साथ उनके बागीचा पर्य [?] गया था. टीकासाहब शिमले गये.

कल्पक्षये पुनस्तानि कल्पादौ विसृजाम्यहम् ।७।
प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः ।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशं प्रकृतेर्वशात् ॥८॥
न च मां तानि कर्माणि निबध्नन्ति धनंजय ।

---

द्वि० आषाढ़ कृष्ण ८ बुध ] ८ जुलाई [ आषाढ़ २३

आज भोजन पं. भीमादत्त के घर कर के
सवारी घोड़े पर गोविन्द को (भीमादत्त का
लड़का) लेकर शाकली (शिमला) में पहुंचा
साथ पं. प्रेमवल्लभ तिवाड़ी भी थे.
शाम को आज रसगुल्ले टीका साहब ने खिला
ये.

उदासीनवदासीनमसक्तं तेषु कर्मसु ॥ ९ ॥
मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम् ।
हेतुनानेन कौन्तेय जगद्विपरिवर्तते ॥१०॥
अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम् ।



आज प्रो. पं. भीमादत्त के पास कुंवर भरतसिंग के घर. रात को सिर्फ दूध निवास था ६ कोटी हाउस मे.

परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम् ॥११॥
मोघाशा मोघकर्माणो मोघज्ञाना विचेतसः ।
राक्षसीमासुरीं चैव प्रकृतिं मोहिनीं श्रिताः ॥१२॥
महात्मानस्तु मां पार्थ दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः ।

---

द्वि० आषाढ़ कृष्ण १० शुक्र] १०जुलाई [आषाढ़ २५

मो. अपने हाथ बनाखाया. रातको दूध
निवास यहीं कोठी हाउसमे.

भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम् ॥१३॥
सततं कीर्तयन्तो मां यतन्तश्च दृढव्रताः ।
नमस्यन्तश्च मां भक्त्या नित्ययुक्ता उपासते १४
ज्ञानयज्ञेन चाप्यन्ये यजन्तो मामुपासते ।

---

द्वि० आषाढ़ कृष्ण ११ शनि] ११ जुलाई [आषाढ़ २६

भो. तथा निवास यहां कोठी हाउसमें
दोनोंसमय.

एकत्वेन पृथक्त्वेन बहुधा विश्वतोमुखम् ॥१५॥
अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाहमहमौषधम् ।
मन्त्रोऽहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम् ॥१६॥
पिताहमस्य जगतो माता धाता पितामहः ।



आज भी दोनों समय यहां तथा निवास भी. आज दी कासाहब के साथ एडवर्ड ए.डी.सी. के परशुराम नाटक देखने गया था.

वेद्यं पवित्रमोंकार ऋक्साम यजुरेव च ॥१७॥
गतिर्भर्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत् ।
प्रभवः प्रलयः स्थानं निधानं बीजमव्ययम् ॥१८॥
तपाम्यहमहं वर्षं निगृह्णाम्युत्सृजामि च ।



आज प्रदोष मौन
आज ऐसी पं. जयवल्लभजी के मुख से खबर लगी कि पं. वासुदेव मेरे 'एक बात पर चिढे हैं' और ५०४ रुपये लगाने को तय्यार हैं'. न ही तो माफी मांगो' वाह वा! मनुष्य अपनी बात भूल जाये और दूसरे की बात पकड ले. अस्तु टीकासाहबके साथ रांजोली गया था. घोडे पर

अमृतं चैव मृत्युश्च सदसच्चाहमर्जुन ॥१६॥
त्रैविद्या मां सोमपाः पूतपापा यज्ञैरिष्ट्वा स्वर्गतिं
प्रार्थयन्ते । ते पुण्यमासाद्य सुरेन्द्रलोकमश्नन्ति
दिव्यान्दिवि देवभोगान् ॥२०॥ ते तं भुक्त्वा



आज दोनो समय भो० तथा निवास कोठी हाउस
में टीकासाहब के पास.
आज घूमने भी गया था. पं० वासुदेव के बारे में
टीकासाहब से बात हुई थी. उन्होने कहा कि
आने दीजिये.

स्वर्गलोकं विशालं क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति
एवं त्रयीधर्ममनुप्रपन्ना गतागतं कामकामा लभन्ते
अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ।२२।



आज दोपहर भो. कोठी हाउससे टीकासा
बकेपास करके घोडेसे रांजोडी पहुंचे
यहां रिकसागाडीसे कश्मीर गये. टीकासाहब
भीसाथ थे. आज यहां आतेही देखा. पं वासु
देवजीका व्यवहार रूखाईसे भराहै. फिर
रातको पं. वासुदेवजीने मुकदमेकी तौ
पर टीकासाहबके सामने विवाद किया
और अन्तमें विजय हमारे तरफ हुआ.
रातमें टीकासाहबके पास विवादके
समय टीकासाहब पं. जयवल्लभजी
बनीलाल देवीसिंह, सोमदास, परसरा
अनन्तराम, आदि कई लोक थे.
निवास भीमादत्तके घर

येऽप्यन्यदेवता भक्ता यजन्ते श्रद्धयान्विताः।
तेऽपि मामेव कौन्तेय यजन्त्यविधिपूर्वकम् ।२३।
अहं हि सर्वयज्ञानां भोक्ता च प्रभुरेव च।
न तु मामभिजानन्ति तत्त्वेनातश्च्यवन्ति ते ।२४।

---



आज दोनो समय टीकासाहब के पास
रोटी खाई. पं. वासुदेवजी का व्यवहार
रुखाई भरा हो रहा है. आज कर्क सङ्क्रा
न्ति हुई
निवास भी साहब के घर

यान्ति देवव्रता देवान्पितॄन्यान्ति पितृव्रताः ।
भूतानि यान्ति भूतेज्या यान्ति मद्याजिनोऽपि माम्
पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति ।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः ॥२६॥

द्वि० आषाढ़ शुक्ल २ शुक्र] १७ जुलाई [आषाढ़ ३२

( जगदीशरथयात्रा )

आज दोपहर का भो. टीका साहब के पास
रात को भो. पं. भीमादत्त के घर. भीमा
सकी माता देवप्रयाग से आज घर पृ
थी. पं. वासुदेवजी अब कुछ व्यवहा
सुधारने लगे. निवास भीमादत्त के घ
सुबः घूमने गया था. साथ कुंवर दीवान
सिंग थे.

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम् ।२७।
शुभाशुभफलैरेवं मोक्ष्यसे कर्मबन्धनैः ।
संन्यासयोगयुक्तात्मा विमुक्तो मामुपैष्यसि ।२८।

द्वि० आषाढ़ शुक्ल ३ शनि] १८ जुलाई [बं०श्रावण १

आज दोनो समय भो॰ तथा निवास पं. श्री. मादन के घर. आज सुब: टीकासाहब शिमले गये.

सुब: घूमने गया था साथ कु. दी. सिं थे.

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः।
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्॥२६
अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः॥३०



दोनो समय भोजन तथा निवास पं. भीमा
ड्जके घर.
आज मै अकेले ही सुबः घूमने गया था.

क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति
कौन्तेय प्रति जानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति ॥३१॥
मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः।



दोनो समय भो. तथा निवास पं. भीमादत्त
के घर. सुब: अकेले ही घूमने गया था.
शाम को टीकासाहब के पास गया था.
आज टीकासाहब शिमले से शाम को ७ बजे
आये.

स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्
किं पुनर्ब्राह्मणाः पुण्या भक्ता राजर्षयस्तथा।
अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम् ॥३३॥
मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।



दो तो समय भो. तथा निवास पं. भी
माडल के घर. सुब: अकेले ही घूमने गय

आज कानूगो पं. मोलकराम पाण्डितक
लडका अपने घर ले गया. वहां दूध
पिलाया और आम खिलाये.
शामको टीकासाहब के पास गया था.
पं. देवीदत्त जोशी (कूर्मांचली) से जान
पहचान हुई. सल्याणा जि. कांगडा त. पाल
मपुर का रहनेवाला पं. मोहन बेहुआ से जा
न पहचान हुई. यह कानूगो का लडका
लक्ष्मीचन्द का साला है.

मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः ॥३४॥
ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे राजविद्या राजगुह्ययोगो नाम नवमोऽध्यायः ॥९॥

---



आज दोनों समय भो. तथा निवास पं. भीमदत्त के घर

टीकासाहब के पास गया था.

सुब: अकेला ही घूमने गया था

ॐ

अथ दशमोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

भूय एव महाबाहो श्रृणु मे परमं वचः।

द्वि० आषाढ़ शुक्ल १ गुरु ] २३ जुलाई [श्रावण ६

दोनो समय पं भीमादत्तजी के घर भो. तथा निवास
आज पं. भीमादत्त शिमले से घर आ
टी कासा ह बके पास गया था.

यत्तेऽहं प्रीयमाणाय वक्ष्यामि हितकाम्यया ॥१॥
न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः ।
अहमादिर्हि देवानां महर्षीणां च सर्वशः ॥२॥
यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम् ।



आजजन्मदिन तिथीके अनुसार.
दोनो समय भो. तथा निवास
पं. भीमादत्त के घर.
टीकासाहब के पास गया था.
आज २८ वर्ष पूर्ण हुए.
सांसारिक कोई भी सुख नही मिला आगे जैसा
प्रारब्ध.

असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥३॥
बुद्धिर्ज्ञानमसंमोहः क्षमा सत्यं दमः शमः ।
सुखं दुःखं भवोऽभावो भयं चाभयमेव च ॥४॥
अहिंसा समता तुष्टिस्तपो दानं यशोऽयशः ।

---



(देवशयनी)

आज एकादशी उपवास फलाहार पं. भीमसेन के घर गया था निवास भी.
आज टीकाराम हरिवल्लभ के पास गया था.
पं. वासुदेवजी के हृदयसे बहुतही ईर्ष्या पैदा हुई है. आज पं. अम्बिका चरण (हरिचरण शास्त्री प्रोफेसर of ओरिएन्टल कॉलेज लाहौर का लड़का) यहां आया था मुझसे भी मिलने को लिये आया था.

भवन्ति भावा भूतानां मत्त एव पृथग्विधाः ॥५॥
महर्षयः सप्त पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा।
मद्भावा मानसा जाता येषां लोक इमाः प्रजाः ॥६॥
एतां विभूतिं योगं च मम यो वेत्ति तत्त्वतः।



दोनो समय भो. तथा निवास पं. भीमा दत्तके घर. टीकासाहबके पास गया था. पं. वासुदेवजीका व्यवहार रूखा हो रहा है अस्तु.

सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः ॥७॥
अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते ।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः ॥८॥
मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम् ।



आज मौन प्रदोषव्रत रातको नियमाऽ-
नुसार पारण. पं. भीमादत्त के घर
टीकासाहबके पास गया था.

कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च ॥९॥
तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ॥१०॥
तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः ।

द्वि० आषाढ़शुक्ल १४ मंगल] २८ जुलाई [श्रावण ११

दोनों समय भो. तथा निवास पं. श्री मा॰ कृष्ण के
घर. टीकासाहब के पास गया था

नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता ।११।

अर्जुन उवाच

परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं भवान् ।
पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम् ।१२।

---

द्वि० आषाढ़ शुक्ल १५ बुध ] २६ जुलाई [श्रावण १२

दोनों समय भो. (व्यासपूजन) तथा निवास पं. भीमा
शंकर के घर.
टीकासाहब के पास गया था.

आहुस्त्वामृषयः सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा ।
असितो देवलो व्यासः स्वयं चैव ब्रवीषि मे ॥१३॥
सर्वमेतदृतं मन्ये यन्मां वदसि केशव ।
न हि ते भगवन्व्यक्तिं विदुर्देवा न दानवाः ॥१४॥

श्रावण कृष्ण १ गुरु सं० १९८८] २० जुलाई [श्रावण १२

दोनो समय भो० तथा निवास पं० भीमादत्त
के घर
टीकासाहब के पास गया था।

स्वयमेवात्मनात्मानं वेत्थ त्वं पुरुषोत्तम ।
भूतभावन भूतेश देवदेव जगत्पते ॥१५॥
वक्तुमर्हस्यशेषेण दिव्या ह्यात्मविभूतयः ।
याभिर्विभूतिभिर्लोकानिमांस्त्वं व्याप्य तिष्ठसि

श्रावण कृष्ण २ शुक्र] २१ जुलाई [श्रावण १४

दोनो समय भो. न था। निवास पं. भीमा-
दत्त के घर. टीकासाहब के पास गया था.

कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां सदा परिचिन्तयन्।
केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया।१७।
विस्तरेणात्मनो योगं विभूतिं च जनार्दन।
भूयः कथय तृप्तिर्हि शृण्वतो नास्ति मेऽमृतम्।१८।

श्रावण कृष्ण ३ शनि] १ अगस्त स० १९३१ [श्रावण १५

दोनो समय भो० तथा निवास पं० भीमादत्त
के घर.

श्रीभगवानुवाच

हन्त ते कथयिष्यामि दिव्या ह्यात्मविभूतयः ।
प्राधान्यतः कुरुश्रेष्ठ नास्त्यन्तो विस्तरस्य मे ।१९।
अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः ।

श्रावण कृष्ण ४ रवि] २ अगस्त [श्रावण १६

दोनोसमयभो. तथा निवास पं. भीमादत्त के घर
टीकासाहब के पास गया था.

अहमादिश्च मध्यं च भूतानामन्त एव च ॥२०॥
आदित्यानामहं विष्णुर्ज्योतिषां रविरंशुमान् ।
मरीचिर्मरुतामस्मि नक्षत्राणामहं शशी ॥२१॥
वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः ।



आज दोपहर को भो. पं. भीमादत्त के घर करके
शाम को टीकासाहब के साथ शिमले गया. साथ
पं. जयवल्लभ जोशी कूर्माचली और पं. तारादत्त
पुरोहित भी थे. पं. जयवल्लभ जी ने बहुत बुरा
व्यवहार किया. अस्तु. अब यहां रहना उचि-
त नहीं है. रात को शाकली में टीकासाहब के
पास रोटी खाई. रात को नेशनल ए.डी.सी.
का कि 'आदर्श मित्र' नाटक देखने गये थे.
टिकट टीकासाहब ने दिया था. साथ
जयवल्लभ और तारादत्त थे.
रात दो बजे आये. रात्री निवास कोटी हाउ-
स शाकली में.

इन्द्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना ।२२।
रुद्राणां शंकरश्चास्मि वित्तेशो यक्षरक्षसाम् ।
वसूनां पावकश्चास्मि मेरुः शिखरिणामहम् ॥२३॥
पुरोधसां च मुख्यं मां विद्धि पार्थ बृहस्पतिम् ।



आज डोनो समय भो. तथ निवास यही.
(कोटी हाउस शाकचीमें)

आज भरतासिंग ने भी बहुत बुरा व्यवहार
किया. अब यहां रहना उचित नहीं है.

सेनानीनामहं स्कन्दः सरसामस्मि सागरः ।२४।
महर्षीणां भृगुरहं गिरामस्म्येकमक्षरम् ।
यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणां हिमालयः ।२५।
अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां देवर्षीणां च नारदः ।

---



आज दोनों समय भो. तथा निवास यहीं
(कोठी हाउस शाक. जी में)

गन्धर्वाणां चित्ररथः सिद्धानां कपिलो मुनिः ।२६।
उच्चैःश्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम् ।
ऐरावतं गजेन्द्राणां नराणां च नराधिपम् ।२७।
आयुधानामहं वज्रं धेनूनामस्मि कामधुक् ।



आज दोपहर का भो॰ पं॰ प्रेमवल्लभ तिवाडी
जी के यहां रात को पं॰ भीमादत्त के पास.
निवास भीमादत्त के घर.
आज सुबः उक्कर शाकलीसे क्यारगया.

प्रजनश्चास्मि कन्दर्पः सर्पाणामस्मि वासुकिः २८
अनन्तश्चास्मि नागानां वरुणो यादसामहम्।
पितृणामर्यमा चास्मि यमः संयमतामहम् ॥२६॥
प्रह्लादश्चास्मि दैत्यानां कालः कलयतामहम्।



आज दोपहर का भो. पं. भीमादत्त के घर.
शाम को शाकली (शिमला) गया. रात भो. कुछ नहीं
. दूध पीया.
आज मातृ श्राद्ध दिन था. पर मैंने उसके निमि
त्त कुछ भी दिया नहीं. कारण यह कि किसी
को पता न लगे.

मृगाणां च मृगेन्द्रोऽहं वैनतेयश्च पक्षिणाम् ॥३०॥
पवनः पवतामस्मि रामः शस्त्रभृतामहम् ।
झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी ३१
सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहमर्जुन ।



आज सुबः उठकर 'जुणगा' गया शिमले से सडक के रास्ते ११ मील जुणगा है
जुणगे में क्योंथल स्टेट का दरबार है. यहां एक संस्कृत पाठशाला और एक मिडिल स्कूल एक अस्पताल है. पाठशाला का पण्डित आम्बिका चरण के पास ठहरा इसके पास भो. तथा निवास.

अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम् ।३२।
अक्षराणामकारोऽस्मि द्वन्द्वः सामासिकस्य च ।
अहमेवाक्षयः कालो धाताहं विश्वतोमुखः ।३३
मृत्युः सर्वहरश्चाहमुद्भवश्च भविष्यताम् ।



आज दोनोसमय भो. तथा निवास पं. आम्बिका चरण पुरोहित (मध्यातु) के पास (पप्रोला बैजनाथ जि. कांगडा का रहनेवाला)

कीर्तिः श्रीर्वाक्च नारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा
बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम् ।
मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकरः ॥३५॥
द्यूतं छलयतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ।



आज दो नो समय भो. तथा निवास पं. आम्बि-
का चरण के पास.
आज यहां के राज पं. राघवानन्द के बुला
ने स वहां गया था. यह सिर्फ आडम्बरी
है. और पाण्डितंमन्य भी है.

जयोऽस्मि व्यवसायोऽस्मि सत्त्वं सत्त्ववतामहम्
वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि पाण्डवानां धनंजयः।
मुनीनामप्यहं व्यासः कवीनामुशना कविः ॥३७॥
दण्डो दमयतामस्मि नीतिरस्मि जिगीषताम्।



आज प्रदोष मौन नियमाऽनुसार रात को
पारण तथा निवास
अम्बिका-चरण के पास.

मौनं चैवास्मि गुह्यानां ज्ञानं ज्ञानवतामहम् ॥३८॥
यच्चापि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन ।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम् ३९
नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां परंतप ।



दोनोसमयभो-तथा निवास पं: आम्बिका
चरण के पास.

एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया ॥४०॥
यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा ।
तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसंभवम् ॥४१॥
अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन ।



दोनो समय भो. तथा निवास पं. अम्बिका
चरण के पास. यहां पुराने जगह में एक
सन्यासी महात्मा ठहरे हैं वहां गया था.
ये बंगाली हैं. अंग्रेजी के विद्वान मालूम हो
ते हैं. अच्छे हैं परंतु कुछ आडम्बर भी है.

विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ॥४२॥

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विभूतियोगो नाम दशमोऽध्यायः ॥१०॥



आज यहां पं. आम्बिकाचरण के पास भोजन करके पैदल 'चायल' गया जंगली राहसे १० मील पडा. यहां ठाकुरद्वारे में ठहरा था. रात्रीभर. यहां पटियालेके राजपण्डितका लडका रहता है. पर वह बम्बई गया है. इसलिये मुलाकात नहीं हुई. पटियालेका राजपण्डित पं. मुकुन्द झा बखशी है. (मैथिल) 'चायल' यह महाराजा पटियालाके स्टेट में है. शिमलेसे भी ऊंची जगह है गर्मी में यहां राजासाहब रहते हैं.

ॐ

अथैकादशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

मदनुग्रहाय परमं गुह्यमध्यात्मसंज्ञितम् ।



सुबः उठकर ११॥ मील पैदल चलकर
'मुण्डा' में पहुंचा यहां )॥ चीनी खाकर
पानी पीया. पीछे यहांके दुकानदार
पं. दीनानाथ ने रोटी खिलाई. रातको भी
इसने रोटी खिलाई. रातभर निवास यहां.
एक ब्रह्मचारी के धूनी पर.

यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम ॥१॥
भवाप्ययौ हि भूतानां श्रुतौ विस्तरशो मया।
त्वत्तः कमलपत्राक्ष माहात्म्यमपि चाव्ययम् ॥२॥
एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानं परमेश्वर।

---



आज सुबः उठकर पैदल "मुण्डा" से 'कुफरी' होकर ठ्योग पहुंचा. कुल १३ मील इकला आज चला. ठ्योग बाजार पहुंचते ही एक दूकानदार सूद (गाजी का) ने भोजन को कहा. हमने स्नानादि करके यहां पक्का भोजन खाया था फिर एक सूद दूकानदार के साथ 'नबीया' में एक महात्मा के दर्शन को गया था. ये महात्मा बंगाली हैं. इनको बड़ी तमीज आये है परमहंस हैं. रात को उस एक सूद की दूकान में सोया था. आज कुफरी में [illegible] भी दान किया था.

यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम ॥१॥
भवाप्ययौ हि भूतानां श्रुतौ विस्तरशो मया।
त्वत्तः कमलपत्राक्ष माहात्म्यमपि चाव्ययम् ॥२॥
एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानं परमेश्वर।

श्रावण शुक्ल २ रवि ] १६ अगस्त [श्रावण ३०

आज सुबः उठकर पैदल "मुण्डा" से 'कुफरी' होकर 'ठ्योग' पहुंचा. कुल १३ मील पैदल आज चला. ठ्योग बाजार पहुंचते ही एक दूकानदार सूद (गर्जी का) ने भोजन को कहा. हमने स्नानादि करके यहां पक्का भोजन ना किया फिर एक सूद दुकानदार के साथ 'नौय' में एक महात्मा के दर्शन को गया था. ये महात्मा बंगाली हैं. इनको बड़ी [illegible] ठाये हैं परमहंस हैं. रात को उस एक सूद की दूकान में सोया था. आज कुफरी में ~) [illegible] दाना लिया था.

द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरं पुरुषोत्तम ॥३॥
मन्यसे यदि तच्छक्यं मया द्रष्टुमिति प्रभो।
योगेश्वर ततो मे त्वं दर्शयात्मानमव्ययम् ॥४॥
श्रीभगवानुवाच
पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः।

श्रावण शुक्ल ४ सोम] १७ अगस्त [ श्रावण ३१

आज सुबः उठकर चला सो पैदल १। बजे नारकण्डा पहुंचा. 'ठ्योग' से नारकण्डा २२ मील है. यहां एक दूकान से ~) का चने दाना खाया था )॥ चने खाये रात भर एक सराय के कमरे में सोया यहां करोडों पिस्सू थे और यहां ठण्ड भी बहुत थी नींद नहीं आयी.
आज रोटी नहीं खाई.

नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च ॥५॥
पश्यादित्यान्वसून्रुद्रानश्विनौ मरुतस्तथा ।
बहून्यदृष्टपूर्वाणि पश्याश्चर्याणि भारत ॥६॥
इहैकस्थं जगत्कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम् ।



(नागपञ्चमी)

आज सुबः उठकर चला सो पैदल 'नौला' में
१०॥ बजे पहुंचा रास्ते मे -) चाय-चीड़ा ने
लिये थे. 'नौले' मे स्नानादि किया यहां एक
दुर्गा का मन्दिर है. इसके बाहर ले बरामदे मे ठह-
रा. )॥ किसमिस. )॥। मिश्री लेकर खाई.
रातको वहे एक दुकानदार ढाला (रामगड अ-
ल्मोड़ा (ज़ि) [illegible] ब्राह्मणसे रोटी बनाकर खि
लाई. इसने 'सिमौर रियासत में 'क्वौ' में मुझे
देखा था. इसका नाम सरदाराम है इसने पहचा-
न लिया. मैने नहीं पहचाना. रातभर दुकान के एक
चौकी पर सोया था. 'नारकण्डा' से 'नौला' १५
मील है. उतराई बड़ी भारी थी.

मम देहे गुडाकेश यच्चान्यद्द्रष्टुमिच्छसि ॥७॥
न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा।
दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम् ॥८॥
संजय उवाच
एवमुक्त्वा ततो राजन्महायोगेश्वरो हरिः।



आजसुबः लोलेके आग्रहसे यहां रुका.
लोलेका दामाद और लडकी कलरातको आयी है.
आज दामादकी और ससुरकी बडी लडाई हुई.
बडे मुश्किलसे समझौता हुआ. फिर हमने भी
भोजन यहीं किया. दोनो समय.
रातको मन्दिरमें खुले वराण्डे में सोया था.
आज यहां २।घण्टा खूब वर्षा हुई.

दर्शयामास पार्थाय परमं रूपमैश्वरम् ॥९॥
अनेकवक्त्रनयनमनेकाद्भुतदर्शनम् ।
अनेकदिव्याभरणं दिव्यानेकोद्यतायुधम् ॥१०॥
दिव्यमाल्याम्बरधरं दिव्यगन्धानुलेपनम् ।



आज सुब: से ही वर्षा बडी जोर से शुरू हुई. आज भी दोनो समय भी. जालेके घर सोना मन्दिर मे. यहां आज एक ब्राह्मण ब्रह्मचारी बुड्ढा आया था. इसको दो पैसे दिये थे. रात को इसके पैर रगड दिये सारा शरीर दबा दिया.

सर्वाश्चर्यमयं देवमनन्तं विश्वतोमुखम् ॥११॥
दिवि सूर्यसहस्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता।
यदि भाःसदृशी सा स्याद्भासस्तस्य महात्मनः॥
तत्रैकस्थं जगत्कृत्स्नं प्रविभक्तमनेकधा।



आज लाले की जन्मपत्री देखी १५ - और थोडी मि श्री लाले ने दी.
भो. दोनो समय लाले के घर लाले का नाम गोपालदास है:
आज दूसरे दूकानदार लाले के उसके बुलाने से दूकान पर गये थे: यहां से न खाई.
ब्राह्मण ब्रह्मचारी के पैर रगड दिये आज भी.
आज मशीन से बाल कटाये. इस लाले ने ही काट दिये नाई था नहीं.

अपश्यद्देवदेवस्य शरीरे पाण्डवस्तदा ॥१३॥
ततः स विस्मयाविष्टो हृष्टरोमा धनंजयः ।
प्रणम्य शिरसा देवं कृताञ्जलिरभाषत ॥१४॥

अर्जुन उवाच

पश्यामि देवांस्तव देव देहे सर्वांस्तथा भूतविशेष-



आज दोनों समय श्री· जी के पास·
निकस मन्दिर में·

संघान्। ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थमृषींश्च सर्वा-
नुरगांश्च दिव्यान् ॥१५॥ अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रं
पश्यामि त्वां सर्वतोऽनन्तरूपम्।नान्तं न मध्यं न
पुनस्तवादिं पश्यामि विश्वेश्वर विश्वरूप ॥१६॥



आज सुबः ५ उठकर रामपुर पैदल १५ मील
चलकर ११ बजे पहुंचा
यहां एक ठाकुरद्वारे में ठहरा. यहां पुजारी
एक बैरागी है. यहां एक परीयाले का बुढा
ब्राह्मण ठहरा था. यह पैसे का मारा है.
बैरागी ने आटा कह दिया. उस ब्राह्मण ने
रोटी बनाई. फिर हम दोनो ने खाई.
यह बैरागी खराब आदमी है. ब्राह्मण
पैसे से बहुत दुखी है. ))) चाय पी दाना.
))) किशमिश खाई. रातभर यहां सोये.

किरीटिनं गदिनं चक्रिणं च तेजोराशिं सर्वतो दीप्तिमन्तम्। पश्यामि त्वां दुर्निरीक्ष्यं समन्ताद्दीप्तानलार्कद्युतिमप्रमेयम्॥१७॥ त्वमक्षरं परमं वेदितव्यं त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्। त्वमव्ययः शाश्वतधर्मगोप्ता सनातनस्त्वं



आज सुबः उठकर चले सो १०॥ मील चलकर 'अटाली' पहुंचा यहां शिव मान्दिर में बैठा था. रास्ते में)॥ (चाय पीदाना)। छोहारा खाया. बटाली में १॥ घंटा बैठा था. यहां का ब्रह्मचारी भो.करके मेले को चला गया था. ताला लगाकर 'बात चीत' कुछ नहीं की. फिर मैं भी उठकर यहां से ११ मील और चलकर 'संरहान' में शाम को पहुंचा. यहां)॥। दूध-)॥ जलेबी खाई. यहां नरसिंह मान्दिर में ठहरा. मन्दिर के पुजारी ने रात को साग रोटी खिलाई. रात को मान्दिर में निवास पुजारी ने एक लोई बिछाने को दी थी.

पुरुषो मतो मे ॥१८॥ अनादिमध्यान्तमनन्तवीर्य-
मनन्तबाहुं शशिसूर्यनेत्रम्। पश्यामि त्वां दीप्त-
हुताशवक्त्रं स्वतेजसा विश्वमिदं तपन्तम्॥१९॥
द्यावापृथिव्योरिदमन्तरं हि व्याप्तं त्वयैकेन दिशश्च



आज प्रदोष. दिनभर मौन.
कुछ सेव एक ब्राह्मण ले आया था वह खाई
एक चावल का दाना खाकर रात को पारण
किया. रातभर नृसिंह मन्दिर में सोया.
यहां सामने भीमाकाली का बड़ा मन्दिर है.
पर बाहरी आदमी को दर्शन की मनाई है.
६ महीने राजा साहब भी शहर का दरबार
यहां रहता है. और ६ महीने रामपुर में.
भीमाकाली की माफी बहुत है. उसका फा
यदा वहीं के लोगों को है. साधु ब्राह्मणों का
इतना सम्मान नहीं है. पुजारी ने एक चाई
बिछाने दी थी. इसका नाम केशवराम है
यह टहलुआ है.

सर्वाः। दृष्ट्वाद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं लोकत्रयं प्रव्यथितं महात्मन् ।२०। अमी हि त्वां सुरसंघा विशन्ति केचिद्भीताः प्राञ्जलयो गृणन्ति। स्वस्तीत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसंघाः स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः



आज सुबह ८ बजे सागरोटी खाई. दोपहर १०॥ बजे दाल भात खाया रात को सागरोटी खाई. आज यहां ठहरा हुआ उदासी साधु और एक गढवाली पण्डित मिलने आये थे. यह उदासी क्यारकोटी में मिला था वहां इसकी दाल नहीं गली थी. यहां यह परमहंस बनाकर बड़ा विद्वान कहलाकर अपना आडम्बर मचा रखा है. पं. चन्द्रमणि भट्ट यहां आया था. यह राजपण्डित है. इसने सिर्फ 'यहां कहां से आये? कब आये? कहां से आये? कौन हो? राजा साहब के पास रिपोर्ट की' इतना एकदम पूछा. जरा रुखाई भरी बात थी.

पुष्कलाभिः २१ रुद्रादित्या वसवो ये च साध्या विश्वेऽश्विनौ मरुतश्चोष्मपाश्च । गन्धर्वयक्षासुर-सिद्धसंघा वीक्षन्ते त्वां विस्मिताश्चैव सर्वे २२ रूपं महत्ते बहुवक्त्रनेत्रं महाबाहो बहुबाहूरुपादम् ।

श्रावण शुक्ल १४ गुरु ] २७ अगस्त [ भाद्रपद १०

( श्रावणीकर्म )

आज ज़रा तबियत ठीक नहीं थी. दोपहर भो. न्रसिंह मन्दिर में रतकोट वाली पण्डितके पास धर्मशालेमें उदासी साधु यहीं रहता है. इसको शास्त्रार्थकी बहुत इच्छा रहती है. शुष्क वैयाकरण और तार्किक है. अपने को बड़ा भारी समझता है. अस्तु. न्यायका (पंचलक्षणी माथुरीका क्रोड बलदेवीपास लिख रक्खी है. पारिभाषिक गुणका क्रोड भी रक्खा है.

बहूदरं बहुदंष्ट्राकरालं दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथितास्तथाहम् ॥ नभःस्पृशं दीप्तमनेकवर्णं व्यात्ताननं दीप्तविशालनेत्रम् । दृष्ट्वा हि त्वां प्रव्यथितान्तरात्मा धृतिं न विन्दामि शमं च विष्णो ॥२४॥



(रक्षाबन्धन)

आज दोनो समय गढवाली पं. लीलानन्द
के पास भोजन
निवास नृसिंह मन्दिर में. आज राजा की
तरफ से थोडा आटा गुड और 1 रु. आया
था हमने लौटा दिया.

दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्ट्वैव कालानल-
सन्निभानि। दिशो न जाने न लभे च शर्म प्रसीद
देवेश जगन्निवास ।२५। अमी च त्वां धृतराष्ट्रस्य
पुत्राः सर्वे सहैवावनिपालसंघैः । भीष्मो द्रोणः



आज सुबः उठकर पैदल चलकर 'बटाली'
शिव मन्दिर में पहुंचा यहां स्नानादिकर
के रोटी खाई. ऐसे टिकड कभी नहीं खाये थे.
आज पहिले पहिल खाये. प्रसङ्ग है प्रारब्ध
है. नमक मर्च डालकर मोटे इतने बनाये थे
कि मुझसे एक ही खाना मुश्किल होगया.
अस्तु. यहां के ब्रह्मचारी जी ने बात भी नहीं की
टिकड एक बैरागी ने बनाये थे. बटाली से
'सरहान' १० मील है. यहां से पैदल चलकर
शाम को रामपुर पहुंचा. यहां श्मशान के पास
एक जगह में रात भर सोया था. ।॥ (आय.
चीदाने 'जौरै' में लिये थे.

सूतपुत्रस्तथासौ सहास्मदीयैरपि योधमुख्यैः२६
वक्त्राणि ते त्वरमाणा विशन्ति दंष्ट्रा-
करालानि भयानकानि । केचिद्विलग्ना दशना-
न्तरेषु संदृश्यन्ते चूर्णितैरुत्तमाङ्गैः ॥२७॥ यथा



आजसुबः उठकर रामपुर से सतलुजपार करके
पैदल ५।। मील चढाई चढकर एक दूकानमें
)।।में श्रीरी काली मिर्च मिश्री खाकर यहां
आधसेर लस्सी = धाधपीकर। फिर २ मील
२ फर्लांग चलकर एक राणीकारायपुर जि.
अम्बालाके बानियेके दूकान पर पहुंचा. यहां
अपने हाथ खिचड़ी बना खाई. फिर थोड़ा
विश्राम करके फिर यहां से पैदल ७ मील
३ फर्लांग चलकर 'सिरहान' पड़ाव पहुंचा
यहां एक मन्दिर में (मैदान में) पड़ाव पर ठहरा.
इस रास्ते में ३।। मील खड़ी चढ़ाई चढ़-
नी पड़ती है. रात्री में बड़ी जोर से वर्षा हुई.
बैठकर रात काटी.

नदीनां बहवोऽम्बुवेगाःसमुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति
तथा तवामी नरलोकवीरा विशन्ति वक्त्राण्य-
भिविज्वलन्ति ॥२८॥ यथा प्रदीप्तं ज्वलनं पतङ्गा
विशन्ति नाशाय समृद्धवेगाः। तथैव नाशाय



आज सुबः उठकर चला सो पैदल २ बजे दोपहर
को 'बनजार' पहुंचा. 'सिरहान से बनजार' १९ मील है
४ मील सख्त चढ़ाई है और ४ मील उतराई है.
रास्ते में बड़े मुश्किल से एक जगह ))॥ छाहारे ) खिड़-
डी मिली सो खाई बनजार में आकर ))। मिश्री काली
मिर्च के साथ खाई. यह बड़ा गांव है. यहां तह-
सील है. यहां से रामपुर ३४ मील है. कुल्लू ३२ मील
सिमला ९० मील है (कूरी के रास्ते से.
यहां पर स्नानादि करके ))॥ आलू धोले पकाये
ए.)॥ बर्फी ले खाई. रात भर निवास यहां नये
ठाकुरद्वारे के बरामदे में.

आज सुब: उठकर बनजार से चला सो ९॥ बजे
लर्जी पहुंचा यह जगह बनजार से ११ मील
५ फर्लांग है यहां स्नानादि करके होटल में
आलू की पत ली साग और ३ रोटी खाई.-)॥
दिये.)॥ मिश्री )। दाना चीनी. फिर यहां-
से शाम को औट में पहुंचा यहां कश्मीर में
रघुनाथ मन्दिर में मिला हुआ बुढा ब्राह्मण सीता
राम बैरागी मिला इसके साथ एक नाथ
भी था इसके आग्रह से मैं औट में रूक
रक श्री के दूकान में रात भर रहा. खाया कुछ
नही.

नमोऽस्तु ते देववर प्रसीद । विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम् ॥३१॥

श्रीभगवानुवाच

कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समा-



सुबह उठकर चला सो १२ मील चलकर भुवन्तारे पहुंचा. यहां ॥ मिश्री लेकर नाथ, बैरागी, और मैने खा ई. यहां से बैरागीनाथ आगे चले गये. मै भी थोडी देर बाद चला सो रास्ते में ॥ चने । ~~मि~~ मिश्री लेकर खाई. फिर सूर्यास्त समय एक ब्रह्मचारी के स्थान पर पहुंचे यहां सभी साधु इकट्ठा हुए थे. नाथने रोटी पकाई हमने भी १॥ रोटी और दाल खाई. यह जगह भुवन्तार से १० मील है. आज २२ मील चला.

हर्तुमिह प्रवृत्तः । ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः ॥ तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ यशो लभस्व जित्वा शत्रून्भुङ्क्ष्व राज्यं समृद्धम् । मयैवैते निहताः पूर्वमेव निमित्तमात्रं



आज सुबः उठकर यहांसे चला सो अकेला ११ मील चलकर 'मनीकरन' पहुंचा यहां एक बुढ़ी पण्डाके मकानमें मैं ठहरा.
)॥ मिश्री लाकर खाई. फिर बुढ़ीने दाल भात पकाकर खिलाया १ पाव चावल )॥ १ छटाक दाल )।≡ की हुई. बुढ़ीने पैसे नहीं लिये. फिर नाथ और बैरागी मिले इनको -) दिये थे. शामको मैं मैं नादेवी के मन्दिरमें आया. रातको इसी मन्दिरमें निवास. नाथ और बैरागी भी यहीं सोये थे.

भव सव्यसाचिन् ॥३३॥ द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथं च कर्णं तथान्यानपि योधवीरान्। मया हतांस्त्वं जहि मा व्यथिष्ठा युध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान् ॥३४॥

भाद्रपद कृष्ण ७ शुक्र] ४ सितम्बर [ भाद्रपद १८

(जन्माष्टमी व्रत)

आज उपवास जन्माष्टमी विभिन्न.
रातको =) कीसेव लाकर बैरागी, नाथ, और
मैने खाई. निवास इसी मन्दिरमें.

संजय उवाच

एतच्छ्रुत्वा वचनं केशवस्य कृताञ्जलिर्वेपमानः किरीटी। नमस्कृत्वा भूय एवाह कृष्णं सगद्गदं भीतभीतः प्रणम्य ॥३५॥

---



(जन्माष्टमी व्रत)

))। भिक्षी रना ई. ))। आयची दयारखाया.
सुब. शौचादि करके 'माणिकर्णी' तपकुण्ड में स्नान
किया. नाथ और बैरागी चले गये. मैं बुढ़ी
माई के कहने से उसके घर आया. आज भी.
बुढ़ी के घर. यह बुढ़ी कान्यकुब्ज ब्राह्मण
कानपुर की रहने वाली है. ))। ५. भि.ली.
आज भोजन के बाद बुखार आया था. फिर
यहीं सोया सारा दिन और सारी रात बेहोश
पड़ा था. बुढ़ी ने ओढ़ना बिछौना कर
दिया था. रात को खाना पीना कुछ नहीं.

अर्जुन उवाच

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृष्यत्यनुरज्यते च। रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः ।३६। कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन्



आज सुबः उठकर शौचादि किया.
स्नान नही किया. बुद्धी माईने खिचड़ी बना
ई थी सो खाई. ) ॥ सेव खा खाई. फिर यहां
से चलकर ७ मील पर 'जरी' पर ठहरा रातभर
यहां निवास सरायमें. यहां बुड्ढा बैरागी फिर
मिला. रात को कुछ नही खाया.

गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे । अनन्त देवेश जगन्निवास त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत् ॥३७॥ त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणस्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम् वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम त्वया ततं विश्वमनन्त-



आज सुब: उठकर शौच स्नानादि करके
७।। चने चाय पी दाने खाकर पानी पीकर ३ मील
चलकर एक ब्रजवासी ब्रह्मचारी ब्राह्मण
के डेरे पहुंचा. यहां एक टिक्कड़ रखा था वह
खाकर पानी पीकर बैठा था ११ बजे ठंड लग-
ना शुरू हुआ। फिर बुखार जोर का आया.
६।। बजे शाम को उतरा. फिर कुछ नही खाया.
ब्रह्मचारी किसी गांव में चला गया था. मैं
रात भर यहां अकेला पड़ा रहा.

रूप ॥३८॥ वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः प्रजा-
पतिस्त्वं प्रपितामहश्च । नमो नमस्तेऽस्तु सहस्र-
कृत्वः पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते ॥३६॥ नमः
पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते नमोऽस्तु ते सर्वत एव सर्व ।



सुबः उठकर शौचादि करके चला सो आधा मील पर एक हट्टी पर ))। मिश्री ले खाई। फिर चलकर 'भुवन्तर' में हलवाई की दुकान से -)। जलेबी और ))॥ दूध लेकर क्षुधा शमन किया। बुखार आज भी कुछ मालूम हुआ. फिर मन्दिर के पास चौतरे पर पडे रहे. ब्रह्मचारी की कुटी से 'भुवन्तर' १० मील है. फिर -) दही ))॥ खण्ड खाई. यहां से फिर ४ बजे शाम चला सो ८ मील चलकर कुल्लू पहुंचा. यहां एक मन्दिर में एक साधु के धूनी पर ठहरा. रास्ते में 'कोटी स्टेट' का कुंवर भरतसिंग मिला. वह अपने सुसराल चलने को कहता था पर मैं नहीं गया. रात भर यहां निवास. बुखार आज दिन भर ही था.

अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं सर्वं समाप्नोषि ततो-
ऽसि सर्वः ॥४०॥सखेति मत्वा प्रसभं यदुक्तं हे कृष्ण
हे यादव हे सखेति।अजानता महिमानं तवेदं मया
प्रमादात्प्रणयेन वापि ॥४१॥ यच्चावहासार्थमसत्-



आज प्रदोष. मौन. नियमाऽनुसार पारण कि
धराक भर खाया. -) चावल -) दूध ) ।। ची
ी. आज बुखार इतना जोर से आया
जिसकी हद नहीं. प्राण केवल २ मिनट के कृप
से ही बचे. रातभर यहीं निवास. लोग निर्द
होगये हैं. समय बहुत बुरा आया है.
आज एक बड़ा दैवी चमत्कार हुआ—
आज जब प्राणान्त करने का जैसे बहुत जोर का
बुखार चढा था मैं बेहोश था उस समय प्राण
निकलना चाहते थे उतने में मैं तीन पुरुष
मेरे दायीं ओर से आये और मेरे पास खड़े
गये. मै डर गया. यद्यपि वे सूरत शकल से
भयानक नहीं थे. उतने में थोड़ी देर के बा
ऊपर की ओर से हाथ में त्रिशूल लिया हुआ
बड़ी लम्बी जटा वाला और बड़ी लम्बी क
एक आदमी बांयी ओर ही खड़ा होगया
उसने महामृत्युञ्जय मन्त्र का उपदेश दिया
और कहा कि खूब जप करो. मैं खड़ा हूं. इस

कृतोऽसि विहारशय्यासनभोजनेषु। एकोऽथवा-
प्यच्युत तत्समक्षं तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम् ४२
पितासि लोकस्य चराचरस्य त्वमस्य पूज्यश्च गुरु-
र्गरीयान्। न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो



आज सुबः उठकर यहां से पैदल चलकर
भुवनार आया. रास्ते में -) मुनक्का लेकर
खाया. फिर भुवनार में -)॥ बर्फी )॥।
दही खाया. फिर यहां से चलकर शाम
को 'औट' में पहुंचा. आज १८ मील
६ फर्लांग चला. पैरों में जूती भी नहीं है
यहां खत्री की दुकान में ऊपर के तबके में
रातभर निवास. रात को यहां २॥
फुलके खाये.

रा कोई इस समय उपाय नहीं है. मैंने अपना शुरू
किया. एक पांव धाती पर और दूसरा उस स्थान पर रहा.
घण्टों मैंने मात्र सजप किया होगा. फिर वेतीनो पुरुष
कहीं चले गये और थोड़ी देर बाद बुखार उतर गया.

लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव ॥४३॥ तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम् । पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम् ४४ अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन





आज सुबः उठकर यहां से पैदल चलकर
१३ मील पर पडाव पर एक दूकानदार के
उपर के छत पर आसन लगाकर पडा था.
आज ठंढ नहीं आयी पर बुखार आया.
शाम को ५ बजे बुखार उतर गया. इस
पडाव का नाम 'विडो' है. यहां रात
को रोटी खाई -)॥ रोटी -) दूध.
)॥ मीठा रात भर यहां दूकान में सोया.
बाद त्रिशूलधारी भी कहीं चला गया.

च प्रव्यथितं मनो मे। तदेव मे दर्शय देव रूपं प्रसीद देवेश जगन्निवास ॥४५॥ किरीटिनं गदिनं चक्रहस्तमिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव। तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन सहस्रबाहो भव विश्वमूर्ते ४६

भाद्रपद कृष्ण ३० शनि]१२ सितम्बर [भाद्रपद २६

आज सुबः यहां शौचादि करके चला सो
८।। मीलपर एक ब्राह्मणकी दूकानपर
रोटी खाई. -) रोटी )। पेडा )।। छोहारा
)। खण्ड. फिर यहां विश्राम करके ३ मील
चलकर 'मण्डी' शहर में पहुंचा.
यहां भूतनाथके मन्दिरमें पडा था.
यहां पानीकी तकलीफ होनेसे पारकी
मण्डीमें एक मन्दिरमे रातभर सोया.

श्रीभगवानुवाच

मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं रूपं परं दर्शितमात्मयोगात् । तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम् ॥४७॥ न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानैर्न च

भाद्रपद शुक्ल १ रवि ] १३ सितम्बर [ भाद्रपद २७

आज सुब: उठकर पैदल ११ मील चलकर
एक दूकान पर बैठा. उस समय बुखार चढ़ रहा
था. दूकानदार ने पानी तक नहीं दिया.
इधर के लोग बहुत ही निर्दयी हो गये हैं.
यहां से चलकर पक्के बावली पर बैठा था.
फिर सोया था. यहां बुखार पूरा चढ़ गया.
फिर आगे एक दूकान पर )।।। दूध मोठा पी
या. फिर आगे )।। पेड़े )।। छोहारे )।। दूध
खा पीकर यहां से पैदल चलकर शाम
को ओरला में पहुंचा. यहां एक बन्द दूका
न के बाहर के पासे रात भर सोया था. यह
जगह मण्डी से २३ मील ५ फर्लांग है. यहां
आधा सेर दूध -)। मीठा )। पीया.

क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः। एवंरूपः शक्य अहं नृलोके द्रष्टुं त्वदन्येन कुरुप्रवीर ॥४८॥ मा ते व्यथा मा च विमूढभावो दृष्ट्वा रूपं घोरमीदृङ्ममेदम्। व्यपेतभीः प्रीतमनाः पुनस्त्वं तदेव मे रूपमिदं प्रपश्य ॥४९॥



आज सुबः उठकर चला ही था कि वर्षा शुरू होगयी। फिर यहांसे ३ फर्लांग पर एक दूकानमें बैठ गया. फिर यहांसे ओगिन्दर नगर पहुंचा यहां एक हलवाई के दूकानमें -)॥ जलेबी )॥। दूध लिया. खापीकर उस दूकानमें एक मञ्जेपर ३॥ बजे तक पडा रहा. आज भी थोडा बुखार आया था. फिर ४ बजे यहांसे पैदल चलकर रातको करीब ८ बजे 'बैजनाथ' पहुंचा यहां तारापुरमें धर्मशालेमें ठहरा यहां (तैलङ्ग ब्राह्मण रेलवे इञ्जिनियर दफ्तरमें नौकर) एक ठहरे मुसाफिर ब्राह्मणके पास रातको भोजन किया. यही रातभर सोया. यहांके साधु बेअन्न ने हमको पहचाना नही. आज २६ मील चला.

संजय उवाच

इत्यर्जुनं वासुदेवस्तथोक्त्वा स्वकं रूपं दर्शयामास भूयः । आश्वासयामास च भीतमेनं भूत्वा पुनः सौम्यवपुर्महात्मा ॥५०॥

---



(गणेश चतुर्थी)

आज सुबः शौचादि करके विनोदा नदीमें
स्नान किया। फिर डेरे पर आनेपर यहांके पं.
दुर्गाप्रसादने देखा और पहचान भी लिया.
आज भी दो पहर भो. उसी ब्राह्मणके पास
किया. फिर वहांसे आसन उठाकर पं. दुर्गाप्रसा-
दके आग्रहसे दूसरे कुटियामें लगाया.
आज बुखार नहीं आया पर सिर भारी रहा.
और नातकती बहुत होगयी है. रातको
पं. दुर्गाप्रसादके घरसे इसके भाई नन्द (महेशा
नन्द) ने रोटी साग लाई वह खाई.
रातभर यहीं सोया.

अर्जुन उवाच

दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन।
इदानीमस्मि संवृत्तः सचेताः प्रकृतिं गतः ॥५१॥

श्रीभगवानुवाच

सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम।

भाद्रपद शुक्ल ५ बुध ] १६ सितम्बर [ भाद्रपद ३०

( ऋषिपूजनम् )

भो. यहीं दोनों समय महेशानन्द के पास
और निवास भी यहीं
आज बैजनाथ दर्शन)। पठाया
)॥ = दूध = मीठा.

देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकाङ्क्षिणः॥५२॥
नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा॥५३॥
भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप॥५४॥

भाद्रपद शुक्ल ६ गुरु ] १७ सितम्बर [ भाद्रपद ३१

आज दोपहर पं. दुर्गाप्रसाद के घर भो.
रात को महेशानन्द ने रोटी खाई थी. सो खाई.
रात भर निवास यहीं. आज सङ्क्रान्ति हुई.
कन्यासङ्क्रान्ति.

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः ।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ॥५५॥

ॐतत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विश्वरूपदर्शनयोगो नामैकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

---

भाद्रपद शुक्ल ७ शुक्र ] १८ सितम्बर [बं० आश्विन १

आज दोनो समय भो. यहीं तथा रात्रि
निवास भी. आज एक ब्रह्मचारी ने घने
स्वामी दी और दूधको [illegible] ।। भीड़ ये.

ॐ

द्वादशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते।
ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः ॥१॥

भाद्रपद शुक्ल ८ शनि ] १९ सितम्बर [ आश्विन २

दोपहर शान्तिकृष्ण अन्नक्षेत्रमें भो. रातको पं. दुर्गाप्रसादके घर. रातभर निवासयहीं. आज सुबः ‑)। दूध )। मीठा शामको भी ‑)। दूध )। मीठा सुबः )॥ जलेबी भी पैसे और रद्दवी ब्रह्मचारीनोदिये.
पं. माधवप्रसाद (वजीर) कलको भोजन का निमन्त्रण देगया इसके बापदादे मण्डुमें तथा. और भी किसी स्टेटमें वजीरथे. यह तो कहींकुछ नहीं है. बाबा मुंगाजी. गुरुदासपुरके हाईस्कूलके पण्डित से जानपहचान हुई. यह पंजाबका शास्त्री है. त. पालमपुर जि. कांगड़ा जिला गुरुकारहनेवाला है.

श्रीभगवानुवाच

मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते।
श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः ॥२॥
ये त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्तं पर्युपासते।
सर्वत्रगमचिन्त्यं च कूटस्थमचलं ध्रुवम् ॥३॥
संनियम्येन्द्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धयः।

---

भाद्रपद शुक्ल ६ रवि ] २० सितम्बर [ आश्विन ३

आज दोपहर भो. पुजारी महेशानन्द के पास
पं. माधोप्रसाद के घरसे कोई बुलाने नहीं आया
इसलिये. मैं गया नहीं. दूध -)। )। मीठा
)।। जलेबी खाई. दवा और ≡)
ब्रह्मचारीने दिये थे. रात्रीमें रोटी यहीं
खाई महेशानन्दने घरसे लाई थी.
रात्रींमें निवास यहीं.

ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः ॥४॥
क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम् ।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ॥५॥
ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि संन्यस्य मत्पराः ।
अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते ॥६॥

---

भाद्रपद शुक्ल १० सोम ] २१ सितम्बर [आश्विन ४

आज भी. महेशानन्द के पास -)बकी
)॥ जो है लीखा है. रात को रोटी महेशानन्द
ले आया था. आज स्वामी तारानन्द यहां आये
थे शिमले में। मिले थे. स्वामी जी से रात को
११ बजे तक बातचीत हुई.

तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात् ।
भवामि नचिरात्पार्थ मय्यावेशितचेतसाम् ॥७॥
मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय ।
निवसिष्यसि मय्येव अत ऊर्ध्वं न संशयः ॥८॥
अथ चित्तं समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम् ।

भाद्रपद शुक्ल ११ मंगल ] २२ सितम्बर [आश्विन ६

आज भो. दो पहर तारापुरमें. आज पुजारीको आशौच आया इसलिये तारा भगवतीकी और केदारनाथ शम्भुकी पूजा शामको आर्ती आदि हमने किया तथा रसोई भी हमने ही की ५ आद मियो की. आज भी स्वामीजीसे बातचीत बहुत हुई रातमें क्षेत्रमें फुलके खाये रातभर । निकास यही.

अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तुं धनंजय ॥९॥
अभ्यासेऽप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भव।
मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन्सिद्धिमवाप्स्यसि ॥१०॥
अथैतदप्यशक्तोऽसि कर्तुं मद्योगमाश्रितः।
सर्वकर्मफलत्यागं ततः कुरु यतात्मवान् ॥११॥

---

भाद्रपद शुक्ल १२ बुध ] २३ सितम्बर [ आश्विन ६

(वामन जयन्ती)

आज प्रो. व के के पास पंजाबी खत्री पुराने कश्मीर के दिवान खानदानवाले के यहां स्वामी तारानन्द के साथ गया था वहीं रोटी खाई. इस खत्री ने १रु. किराये के लिये दिया. फिर बैजनाथ स्टेशन पर आकर वहासे ।॥) देकर नगरोटा का टिकट लिया और १२ बजकर १५ मिनेट पर गाडी में सवार हो २॥ बजे नगरोटा पहुंचा. आज सुबः ताराभगवती की तथा केदारनाथ की पूजा मैंने ही की थी. नगरोटे में एक दूकान में २ घंटे बैठा था. यहां =)॥ बर्फी )॥ दही ले कर खाया. )॥ = दूध पी कर शाम को पं. बाहरीदत्त जी अवस्थी के घर शेरा ठाणा में पहुंचा. रात को यहां रोटी खाई तथा [illegible]

श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते।
ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्
अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च।
निर्ममो निरहंकारः समदुःखसुखः क्षमी ॥१३॥
संतुष्टः सततं योगी यतात्मा दृढनिश्चयः।

---

भाद्रपद शुक्ल १३ गुरु ] २४ सितम्बर [आश्विन ७

आजप्रदोष. मौन नियमाऽनुसा
रात्रौपारण और निवास पं. बदरी
दत्त के घर.

मय्यर्पितमनोबुद्धिर्यो मद्भक्तः स मे प्रियः ॥१४॥
यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः स च मे प्रियः ॥१५॥
अनपेक्षः शुचिर्दक्ष उदासीनो गतव्यथः।
सर्वारम्भपरित्यागी यो मद्भक्तः स मे प्रियः॥१६॥

---



(अनन्त चतुर्दशी)

आज दोपहर भो. बद. घर.
शामको पाठियार गये साथ पं. बदरीदत्त
भी थे. यहां पं. पद्मनाभके पास रामा
साव सदके यहां रातको रोटी खाई.
तथा निवास पं. पद्मनाभके घर रात
भर.

यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति।
शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः॥१७॥
समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः।
शीतोष्णसुखदुःखेषु समः सङ्गविवर्जितः॥१८॥
तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी संतुष्टो येन केनचित्।



( श्राद्धारम्भ ) ( चंद्रग्रहणम् )

आज सुबः उठकर चामुण्डा गये साथ
पं. पद्मनाभ तथा पं. बदरीदत्त थे. यहां
भो[जन] किया. इन्हीके पास. । फिर पद्मनाभ अप
ने घर पठियार चला गया. पं. बदरीदत्त भी
अपने घर शेराठाणा चला गया. हम यहीं
चामुण्डा में रहे. पद्मनाभ तो रात को फिर यहां
आ गया था. रात को चन्द्रग्रहण हुआ पर
बादल के कारण देखने में नहीं आया. अन्दाजे
से 'बाणगङ्गा' मे स्नान किया. रात्री मे यहां
एक कुमंइयाति बाऊ ब्राह्मण आया था इस
से [illegible]भ परिचय हुआ. यह बैरागी करता है
[illegible]वि नाहिल है. ३५ वर्ष की इसकी उमर है
[illegible]ता बहुत है. पर अच्छा है.)। चामुण्डा को

अनिकेतः स्थिरमतिर्भक्तिमान्मे प्रियो नरः॥ १६॥
ये तु धर्म्यामृतमिदं यथोक्तं पर्युपासते।
श्रद्दधाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मे प्रियाः॥२०॥
ॐतत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां
योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे भक्तियोगो
नाम द्वादशोऽध्यायः ॥१२॥

---



आज सुबः ग्रहण छूटने का स्नान तथा रोज का स्नान एकत्र ही किया. ) ।।। ब्राह्मणों को दक्षिणा दिया फिर सन्ध्यादि करके उस वैद्य के आग्रह से और उसके साथ के राजपुर के सूद किशनदास के आग्रह से 'जिदरांगल' गये. यहां 'सहदेव' सूद के घर गये दोनों समय यहां भोजन किया. इसका हमारा पहिले से ही परिचय था. आज पं. पद्मनाभ की मनीषा अपने घर ले जाने की नहीं सी देखने में आई. वैद्य का नाम "ईश्वरदास" है. वृष्टी के कारण आज यहीं रहना पड़ा. रात्रि निवास यहीं. दोपहर रसोई इसी के घर ने बनाई थी.

ॐ

## त्रयोदशोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते ।
एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः ॥१॥



आज सुबः उठकर वर्षा में ही लोई ओढ
कर २॥ मील चलकर 'तंगलोटी' पहुंचा.
यहां गोपा पण्डित के घर गया. कुम्हैया वैद्य
लीलाधर और किशनदास सूद आ के गये.
मैं बिलकुल भीग गया था. तंगलोटी में शौचादि
स्नानादि किया. दोनों समय भो. तथा रात्री
में निवास यहीं. वर्षा की झड़ी लगी रही.
पं. कृपाराम पुरोहित कुई मिलने आये थे.

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥२॥
तत्क्षेत्रं यच्च यादृक्च यद्विकारि यतश्च यत्।
स च यो यत्प्रभावश्च तत्समासेन मे शृणु ॥३॥
ऋषिभिर्बहुधा गीतं छन्दोभिर्विविधैः पृथक्।

---



आज सुब: उठकर शौच स्नानादि करके यहीं (गोपाल पण्डित के घर) दोनों समय भो. तथा निवास. तबियत आज खराब होगयी थी. रातको शुण्ठी का काढ़ा पीया था.

ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ॥४॥
महाभूतान्यहंकारो बुद्धिरव्यक्तमेव च ।
इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचराः ॥५॥
इच्छा द्वेषः सुखं दुःखं संघातश्चेतना धृतिः ।
एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् ॥६॥

---



आजसुबः उठकर शेरा ठाणा पं. बदरी दत्त के
घर २॥ मील चलकर पहुंचा चलते समय
१ धोती एक अंगोछा ॥) जनेऊ पं. गोपाराम ने दिया. दोनासमय भो. तथा निवास
पं बदरीदत्त के घर. शाम को यहां कुमैया
वैद्य लीलाधर तिवाड़ी भी आया. यह
भी रात भर रहा.

अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम् ।
आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः ॥७॥
इन्द्रियार्थेषु वैराग्यमनहंकार एव च ।
जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम् ॥८॥
असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्रदारगृहादिषु ।



आज सुबः शौचादि कर यहीं बछोरु खाये फिर गौरी के घर भोजन को जाना पापरं तु आज फिर बुखार आया. फिर रात्री को भी कुछ नहीं खाया कुमैया वैद्य आज यहीं रहा.

नित्यं च समचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु ॥९॥
मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी ।
विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनसंसदि ॥१०॥
अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम् ।
एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथा ॥११॥

---

आश्विन कृष्ण ५ शुक्र ] २ अक्टूबर [ आश्विन १५

आज कुमैयावैधपठियार सुबेरे ही चला गया
दोनो समय भो. यहीं निवास भी यहीं

ज्ञेयं यत्तत्प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वामृतमश्नुते ।
अनादिमत्परं ब्रह्म न सत्तन्नासदुच्यते ॥१२॥
सर्वतःपाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ।
सर्वतःश्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥१३॥
सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम् ।

आश्विन कृष्ण ६ शनि ] २ अक्टूबर [ आश्विन १६

आज दोनों समय भो. तथा नित्य समय ही.
आज भी थोड़ा बुखार आया था.

असक्तं सर्वभृच्चैव निर्गुणं गुणभोक्तृ च ॥१४॥
बहिरन्तश्च भूतानामचरं चरमेव च ।
सूक्ष्मत्वात्तदविज्ञेयं दूरस्थं चान्तिके च तत् ।१५।
अविभक्तं च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम् ।
भूतभर्तृ च तज्ज्ञेयं ग्रसिष्णु प्रभविष्णु च ॥१६॥



